जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2017/1160 दिनांक 18/09/2017

// संशोधित अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा मंत्रालय के पत्र क्रमांक : 2112/300/सीसी/16/38 भोपाल दिनांक : 09.08.2016 के निर्देशानुसार स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी0एस0सी0 (होम साइंस) षष्ठम् सेमेस्टर (विशेष ए.टी.के.टी. परीक्षा) (नियमित/असंस्थागत ए.टी.के.टी. छात्र एवं एन.सी.सी./एन.एस.एस. एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए) सितम्बर, 2017 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की संशोधित तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैः-

विवरण	परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण			
	दिनांक एवं शुल्क विवरण	बी.ए.	बी.कॉम.	बी.एससी./ बीएससी. (होमसाइंस)
परीक्षा आवेदन-पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की दिनांक	दिनांक	*22-09-2017*	*22-09-2017*	*22-09-2017*
	नियमित/ असंस्थागत-एटीकेटी छात्र का परीक्षा शुल्क	*460/-* प्रति विषय	*460/-* प्रति विषय	*460/-* प्रति विषय
परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/- के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक	दिनांक	*23-09-2017*		
परीक्षा आवेदन पत्र जॉच उपरांत परीक्षा आवेदन-पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि	दिनांक	*25.09.2017*		

नोटः– उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षाआवेदनपत्र शुल्क नियमित परीक्षार्थी 60/– रू. भूतपूर्व परीक्षार्थी 80/– रू. एवं परीक्षा संचालन शुल्क तथा अग्रेषण शुल्क 160/– रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है। यह राशि परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी तथा अग्रेषण शुल्क की राशि 40/– रू. प्रति छात्र महाविद्यालय में जमा करायी जावेगी।

विशेष नोट :–

1. **इस विशेष ए.टी.के.टी. परीक्षा में ऐसे छात्र जो प्रथम सेमेस्टर से पंचम सेमेस्टर तक उत्तीर्ण हैं और षष्ठम् सेमेंस्टर में ए.टी.के.टी. है, सम्मिलित हो सकते हैं।**
2. **विश्वविद्यालय द्वारा विलम्ब शुल्क के साथ निर्धारित अंतिम तिथि समाप्त होने के उपरान्त किसी भी स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जावेंगे।**

नोटः–

1. परीक्षा के आवेदन–पत्र ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं जिन्हें विश्वविद्यालय की बेवसाइट **www.jiwaji.edu** के माध्यम से एम0पी0 ऑनलाईन की **G2G** आईडी से **Approved** करने के पश्चात् परीक्षा शुल्क एम0पी0 ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जाकर जमा करें।

2. समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने के पूर्व यह सुनिश्चित करे की क्या छात्र दिये गये निर्देशानुसार परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखता है या नहीं ? यदि अपात्र छात्र का परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाता है तो विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है तथा यदि कोई न्यायालयीन प्रकरण बनता है तो प्राचार्य स्वयं उत्तरदायी होंगे।

3. प्रायः यह देखने में आ रहा है कि महाविद्यालय से जो भी परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की ओर अग्रेषित कर प्रेषित किये जा रहे है उनमें पिछले सेमेस्टर की अंकसूची एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर नहीं भेजे जा रहे है। जिससे छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित करने में अनावश्यक कठिनाईयों का सामना विश्वविद्यालय को करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय को उक्त कार्य करने हेतु पारिश्रमिक का भुगतान भी किया जाता है किन्तु फिर महाविद्यालय द्वारा त्रुटियां की जा रही हैं जिससे विश्वविद्यालय की छवि धूमिल हो रही है। अतः आप अनिवार्य रूप से यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा आवेदन पत्रों में पिछली परीक्षाओं की अंकसूचियां अनिवार्य रूप से लगी हैं अथवा नहीं।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

सहा0–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)